हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 9 मार्च 2025


तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री


13 नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति और 15 पार्षदों ने ली शपथ





14 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सोच बड़ी रखकर ...






## खबर संक्षेप

### नवागांव में मानिकपुरी पनिका समाज की बैठक आज

**कुरुद।** मानिकपुरी पनिका कोसरिया समाज कुरुद परिक्षेत्र की बैठक आज ग्राम नवागांव (उमरदा) में सुबह 10 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में अध्यक्ष किशन दास, निर्मलदास, सोना दास, अमोल दास, नारायण दास, नेमदास, रोहित दास, याददास प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी नारायण दास मानिकपुरी भाठागांव ने दी है।

### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत

**धमतरी।** स्कूटी से गिरकर घायल वृद्ध की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम भठेली निवासी नारायण साहू पिता परसराम उम्र 63 वर्ष मजदूरी का काम करता था। बीते 6 मार्च की सुबह वृद्ध स्कूटी क्र. सीजी 05 एजी 5720 में सवार होकर कहीं गया था। शाम को वृद्ध के स्कूटी से गिरकर सड़क किनारे पड़े होने की सूचना मिली। जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल वृद्ध को उठाकर घर ले आये। गांव के डाक्टर ताराचंद को फोन कर घर बुला उपचार कराया। उपचार के बाद डाक्टर अपने घर चला गया। रात्रि में वृद्ध के पेट में दर्द शुरु हो गया। उसे तत्काल उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार की सुबह वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

■ ग्राम भठेली की घटना

### गोदामों में चावल जमा करने की जगह नहीं

# संकट में राइस मिल उद्योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एक बार फिर राइस मिल उद्योग संकट के दौर से गुजर रहा है। शासन ने पहले ही कस्टम मिलिंग की राशि आधी कर दी है। उपर से कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने के लिए एफसीआई के गोदामों में जगह नहीं है। फ्री सेल में भी कई प्रकार की परेशानी आ रही है। स्थिति यह है कि कई राइस मिल में काम बंद हो गया है।

इस साल शासन ने रिकार्ड तोड़ धान की खरीदी की है। करीब 62 लाख क्विंटल धान की खरीदी होने से राइस मिलर्स खुश थे कि इस साल उन्हें कस्टम मिलिंग के तहत भरपूर काम मिलेगा। ऐसा हुआ भी। राइस मिलर्स ने खरीदी केंद्रों से पूरा धान उठा लिया। अब मिलिंग के बाद वे चावल जमा करने के लिए एफसीआई और नान के गोदामों के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन वहां पर चावल रखने की जगह नहीं है। ऐसे में मजबूरी में उन्हें खुद के गोदामों में चावल का स्टाक करना पड़ रहा है। कई मिलर्स के पास चावल स्टोर करने के लिए जगह काफी कम है, ऐसे में उनकी परेशानी बढ़ गई है। कुछ तो किराए के गोदाम लेकर काम चल रहे हैं। वहीं कुछ ने कस्टम मिलिंग के चावल को फ्री सेल में खपा दिया है। गोदामों में जगह खाली होने पर धान खरीदकर वे इसकी भरपाई करेंगे।



फाइल फोटो

### रैक की परेशानी

रैक नहीं लगने से चावल गोदाम भरे हुए हैं। राइस मिलर्स ने बताया कि 15-20 दिन के अंतराल में रैक लगता है। तब गोदामों का चावल ट्रेन के जरिए बाहर भेजा जाता है। इसमें भी गोदामों में नाम मात्र जगह खाली होती है। जगह खाली होने पर राइस मिलर्स में चावल जमा करने के लिए होड़ मचती है। यह लगातार रैक लगाया जाता है तो राइस मिलर्स की समस्या दूर हो जाएगी।

### हो रहा नुकसान

जिन गोदामों में राइस मिलर्स धान का स्टाक रखते थे, अब वहां पर चावल भरा हुआ है। ऐसे में मिलर्स को काम करने में दिक्कतें आ रही हैं। उधर कई समस्याओं के चलते फ्री सेल का काम भी ठंडा पड़ा हुआ है। ऐसे में राइस मिलर्स को काफी नुकसान हो रहा है। पहले ही शासन ने कस्टम मिलिंग की दर आधी कर दी है। ऐसे में राइस मिल के संचालन में उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# जिला अस्पताल के डाक्टर्स व कर्मचारियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा जिला अस्पताल के डाक्टर्स, स्टाफ नर्स व महिला कर्मचारियों को पौधा भेंटकर सम्मान किया गया।

इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के सचिव एवं सीएमएचओ डा.यूएल कौशिक के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर इंडियन रेडक्रास द्वारा अस्पताल में पदस्थ महिला चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं अन्य महिला कर्मचारियों को पौधा व पेन भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान महिला चिकित्सकों व स्टाफ ने अपने विचार भी रखे।

इस अवसर पर जिला संगठन आकाशगिरी गोस्वामी, रेडक्रास की चेयरपर्सन प्राप्ति वासानी, वाईस चेयरपर्सन शिवा प्रधान, सहायक नेत्र अधिकारी गुरुशरण साहू, स्पर्श ग्रुप से डा. राकेश सोनी, डा. राकेश साहू, डा.भूपेंद्र सोनी सहित पूरी टीम ने सभी महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया।



इंडियन रेडक्रास सोसाइटी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# भद्रा और चन्द्र ग्रहण के साये में मनेगा होली का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हिन्दुओं का प्रमुख पर्व होली अब महज पांच दिन शेष रह गया है। शहर में नगाड़ों और गुलाल का बाजार सजने लगा है। 13 मार्च को होलिका दहन होगा और 14 मार्च को रंगों का त्योहार खेला जाएगा। ज्योतिषियों के मुताबिक इस साल होली पर भद्रा और चन्द्रग्रहण का साया बना हुआ है।

■ नगाड़ा, पिचकारी, गुलाल का सजने लगा बाजार

शहर के बुजुर्ग श्यामलाल नेताम, लक्ष्मीनारायण साहू ने बताया कि फाल्गुन हिन्दी संवत का अंतिम महीना होता है। इसे प्रेम और रंगों का माह कहा जाता है। होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि उनके जमाने में पूरे फाल्गुन माह में होली का उत्सव रहता है।

त्योहार के एक सप्ताह पहले से ढोल, नगाड़े, फाग गीत का दौर शुरू हो जाता था। अब तो यह पर्व सीमित दिनों का हो गया है। होली पर्व में कुछ दिन शेष रह गए हैं। लेकिन अब तक नगाड़ों की थाप सुनाई नहीं दे रही है।

### 50 से लेकर 3000 रूपये तक नगाड़ा

मकई चौक में नगाड़ों की दुकान सज गई है। आमापारा निवासी विनोद महोबे ने बताया कि बड़े नगाड़ों की मांग नगण्य रह गई है। लोग अब बच्चों के लिए नगाड़ा खरीदना पसंद करते हैं। उनके पास 8 प्रकार की साइज के नगाड़े हैं। बड़े नगाड़ों की बिक्री रविवार से शुरू होगी। अभी छोटे नगाड़ों की डिमांड हैं। श्री महोबे ने बताया कि 50, 80, 100, 200, 500, 1500, 2000 तथा 3000 रूपये के रेंज में नगाड़ा उपलब्ध है। वहीं शहर के फुटपाथ में रंग गुलाल, पिचकारी की दुकानें भी सजने लगी हैं।



### होलिका दहन 13 मार्च की रात 11:26 से 12:30 मिनट तक शुभ

पंचांग के मुताबिक इस बार फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10:35 बजे शुरू होगी। इसका समापन 14 मार्च को 12:23 बजे होगा। 13 मार्च को होलिका का दहन किया जाएगा। ज्योतिषियों के अनुसार होलिका दहन पर भद्रा का साया बना हुआ है। इस दिन 10:35 से लेकर रात 11:26 बजे तक भद्रा रहेगी। 13 मार्च की रात 11:26 से 12:30 मिनट तक होलिका दहन के लिए शुभ है।

### चन्द्रग्रहण भारत में नहीं

13 मार्च को होलिका दहन के बाद अगले दिन 14 मार्च को होली खेली जाएगी लेकिन इस दिन चन्द्रग्रहण का साया बना हुआ है। 14 मार्च को सुबह 9:29 बजे से चन्द्रग्रहण लगेगा। यह दोपहर 3: 29 बजे तक रहेगा। पंडितों के अनुसार चन्द्रग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969


# बस स्टैण्ड के सामने ट्रांसफार्मर में लगी आग





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बस स्टैण्ड के सामने विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

■ फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

गर्मी का सीजन शुरू हो रहा है। इसी के साथ घरों में पंखा, कूलर, फ्रिज व एसी का उपयोग शुरू हो गया है जिसके कारण विद्युत ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ना शुरू हो गया। विद्युत खपत बढ़ने के कारण अक्सर ट्रांसफार्मर में आग लग जाती है। शनिवार को बस स्टैण्ड के सामने सड़क किनारे लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग गई। शुरूआत में ट्रांसफार्मर से धुआं निकलना शुरू हुआ। आसपास के लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही अचानक ट्रांसफार्मर से आग की लपटें निकलने लगीं। धीरे-धीरे आग बढ़ती जा रही थी जिसे देख आसपास हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई। दमकल की टीम फायर ब्रिगेड के वाहन के साथ तत्काल मौके पर पहुंची और विद्युत प्रवाह को बंद कराया। उसके बाद टीम ने ट्रांसफार्मर व उसके नीचे लगे विद्युत सर्किट बाक्स से निकल रही आग की लपटों पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। कुछ देर की मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पा लिया। समय रहते ट्रांसफार्मर की आग को बुझा लेने से बड़ा हादसा टल गया।

# बनरौद में 74 नग कीमती चिरान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वनपरिक्षेत्र केरेगांव अंतर्गत ग्राम बनरौद के एक घर में अवैध कीमती चिरान लकड़ी जब्त की गई है। मामले का वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बनरौद के एक घर से कीमती चिरान लकड़ी होने की सूचना मिली। वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने जानकारी की पुष्टि करने और जांच के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया। डीएफओ के मार्गदर्शन में संयुक्त वनमंडलाधिकारी मनोज विश्वकर्मा ने सर्च वारंट जारी कर वन अमले को बनरौद निवासी घनश्याम साहू के निवास पर तलाशी के लिए भेजा। 7 मार्च को तलाशी के दौरान घनश्याम साहू के घर से थीरहा, साजा, बीजा एवं अन्य प्रजाति के 74 नग चिरान 1.162 घनमीटर अवैध लकड़ी जब्त की और संबंधित के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया गया। इस मौके पर धमतरी केरेगांव रेंजर सहित उड़नदस्ता दल के सदस्य मौजूद थे।

■ वन विभाग की कार्रवाई, मामला दर्ज



### बाजार, सार्वजनिक स्थानों में सुविधायुक्त टायलेट पर बोलीं महिलाएं

# महिलाओं के सम्मान के लिए पिंक टायलेट जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में पिंक टायलेट तो दूर महिलाओं के लिए सामान्य टायलेट की भी सुविधा नहीं है। कहीं-कहीं पर टायलेट तो बने हैं लेकिन वहां जाने में महिलाओं और युवतियों को परेशानी होती है। न तो ये टायलेट साफ सुथरे हैं और न ही सुरक्षित। महिला दिवस पर चर्चा के दौरान महिलाओं ने शहर के मुख्य स्थानों में पिंक टायलेट स्थापित करने की आवाज उठाई।

महिला दिवस पर पूरे जिले में महिलाओं के सम्मान पर कार्यक्रम आयोजित किए गए पर यह सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम बनकर रह गया है। सालभर महिलाओं को बाजार, दुकान सहित अन्य स्थानों पर शर्मसार होना पड़ता है। इसका कारण शहर में महिलाओं के लिए ढंग का टायलेट नहीं होना है। शहर के प्रमुख स्थानों पर महिलाओं के लिए सुविधायुक्त टायलेट बनाने के लिए न तो प्रशासन की ओर से पहल की जा रही है और न ही किसी संस्था ने जिम्मेदारी उठाई है।



पुष्पा शर्मा



मीना देवांगन

चर्चा के दौरान श्रीमती पुष्पा शर्मा ने बताया कि इतवारी बाजार, गोलबाजार, मकई चौक, सदरबाजार सहित अन्य मुख्य स्थानों पर पिंक टायलेट की जरूरत है। शहर में एक भी स्थान पर महिलाओं के लिए सुविधायुक्त टायलेट नहीं है। कुछ स्थानों पर टायलेट जरूर बने हुए हैं लेकिन वहां पर पुरूष टायलेट के बगल में ये टालेट बनाए गए हैं। इस टायलेट में हद से ज्यादा गंदगी रहती है। पुरूषों का दिनभर आना-जाना लगा रहता है, जिसके चलते महिलाएं इन स्थानों पर जाना पसंद नहीं करती हैं।

श्रीमती मीना देवांगन ने बताया कि दिनभर काम करने के लिए महिलाओं को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पिंक टायलेट में कई प्रकार की सुविधाएं होती हैं, जिससे इन समस्याओं का समाधान हो जाता है। पिंक टायलेट में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन की सुविधा होती है। शिशुवती महिलाओं के लिए पिंक टायलेट में बच्चों को रखने के लिए अलग से जगह भी होती है। यह टायलेट महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी बेहतर स्थान पर बनाया जाता है। शहर के मुख्य स्थानों पर इस प्रकार का टायलेट बनाए जाने की आवश्यकता है ताकि कामकाजी महिलाओं के साथ बाजार आने वाली महिलाओं को बेहतर सुविधा मिल सके।




## खबर संक्षेप

### पार्षद राजा जुटे गली की लाइट व्यवस्था सुधारने में

**नगरी।** नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद राजा पवार वार्डवासियों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण में जुट गए हैं। नाली सफाई के बाद अब उनकी नजर पूरे वार्ड में प्रकाश व्यवस्था पर है। इसी के मद्देनजर पार्षद राजा पवार ने गली के हर खम्बे पर लाइट लगवाकर पूरे वार्ड को रोशनी से जगमग करने का बीड़ा उठाया है। नवनिर्वाचित पार्षद के कार्यों को देखकर वार्डवासियों में ख़ुशी की लहर है।

### झरिया महार, महरा समाज का सम्मान समारोह 9 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ झरिया महार, महरा समाज द्वारा नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के स्वजातीय नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए सम्मान समारोह 9 मार्च को मेश्राम कृषि फार्म हाउस औसर (रानीतराई) में सुबह 11 बजे रखा गया है।

### शराब की बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** नहर पुलिया में अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार



किया है। कोतवाली पुलिस को मुखबीर से बठेना नहर नाली के पुल में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री करने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल वहां पर पहुंची और रेड की कार्रवाई कर करण महार पिता नंदू 35 वर्ष बठेनापारा निवासी के कब्जे से थैले में रखे 12 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1080 रूपए व बिक्री रकम 810 रुपए जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी करण महार के खिलाफ धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## निधन

### सुंदर बाई चोपड़ा

**धमतरी।** श्रीमती सुंदर बाई चोपड़ा धर्मसहायिका स्व. रतन लाल



चोपड़ा 97 वर्ष का 8 मार्च को निधन हो गया। उनकी बैकुंठी की यात्रा शाम 4 बजे निवास स्थान रामबाग से निकली। वे मोहनलाल चोपड़ा, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, दीपक चोपड़ा, गुलाब चोपड़ा, गौतम चोपड़ा की मां एवं महावीर चोपड़ा की दादी थीं।

### विनोद कुमार वर्मा

**धमतरी।** रुद्री रोड शारदा नगर निवासी विनोद कुमार वर्मा (86)



का 8 मार्च को निधन हो गया। वे स्व. अविनाश वर्मा, डॉ. विकास वर्मा के पिता एवं ताविश वर्मा, सात्विक वर्मा के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार शांतिघाट में किया गया जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक एवं परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### शीला सिन्हा

**धमतरी।** पिंक सिटी निवासी श्रीमती शीला सिन्हा उम्र 65 वर्ष का निधन



शनिवार को हो गया। वे कुछ दिनों अस्वस्थ थीं। उनका इलाज शिवनंदा हास्पिटल में चल रहा था। वे नूतन स्कूल के पूर्व लेक्चरर स्व. डीके सिन्हा की धर्मपत्नी और डीकन सिन्हा, झंकार सिन्हा और लेखराज सिन्हा की माता थीं। अंतिम यात्रा 9 मार्च रविवार को निवास स्थान से निकाली जाएगी।

### गैंदीबाई यादव

**पुरी।** ग्राम कंडेल निवासी श्रीमती गैंदीबाई यादव 85 वर्ष का निधन 4



मार्च को हो गया। वे माखनलाल यादव सेवानिवृत्त शिक्षक की पत्नी थी। वे रमाकांत यादव, रामकुमार यादव एवं देवनारायण यादव की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कंडेल के शांतिघाट में हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।

---

नगर के साहू समाज भवन में महिला नेतृत्व पर हुआ संवाद सम्मेलन

# संघर्ष करने से ही सफलता मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगर के साहू समाज भवन में खोज एवं जनजागृति समिति जयंती नगर के तत्वावधान में महिला नेतृत्व पर संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गय जिसमें नगरी ब्लाक की लगभग 300 महिलाओं ने भाग लिया। वक्ता राजिम केतवास ने कहा कि 8 मार्च महिला दिवस मनाया जाता है। यह महिलाओं के संघर्ष का याद करने का दिन है। इसी संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए पुरुष प्रधान समाज में अपने संघर्ष को जारी रखना जरूरी है। चाहे वह संपत्ति का अधिकार हो, स्वतंत्रता का अधिकार हो, नेतृत्व करने का अधिकार हो। हमें आजादी के इतने वर्षों बाद भी पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं को धरातल पर अधिकार दिखाई नहीं देता। खोज संस्था की अध्यक्ष सरस्वती ध्रुव ने कहा कि महिला संघर्ष कर अपनी पहचान समाज में बनाती है लेकिन उसे पिता-पति के नाम के साथ जोड़कर देखा जाता है।

इसी तारतम्य में महिला बाल विकास के सुपरवाइजर हेमंत बंजारे, अनीता साहू, पिंगला साहू, मोतिनबाई सरपंच खल्लारी, गणेशियाबाई पूर्व सरपंच टांगापानी, मुकेश्वरी ध्रुव सरपंच भैंसामुड़ा, सुरेखा पंच जबर्रा, संतोषी मांडवी, सेवतीबाई अध्यक्ष, अलका साव, जलेश्वरी साहू, विनीता कोठारी नगरी पार्षद बागेश्वरी साहू, अंबिका ध्रुव, टोमिन साहू मितानिन, ताराबाई, सविता साहू, जोगेश्वरी साहू, मिकी गुप्ता और खोज संस्था कार्य के कार्यकर्ता नंदिनी साहू, धनेश्वरी जगत, सिंधिया मरकाम, उमा ध्रुव ने भी अपने विचार रखे।

## गोरेगांव में चायवाला बना उपसरपंच

- उपसरपंच बनने की घोषणा होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम पंचायत गोरेगांव में उपसरपंच पद का चुनाव हुआ जिसमें जीवन यादव (चायवाले) ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है एवं अपनी लोकप्रियता का लोहा मनवा दिया। जीवन के उपसरपंच बनने की घोषणा होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल है। तुलेश्वर सोन, जातेश सोन, दुष्यंत साहू, जयदेव यदुराज, यशवंत साहू, त्रिलोक नेताम, मायाराम नेताम, जितेंद्र नाग, उमेश साहू समेत अन्य युवाओं, ग्रामीणों का उन्हें उपसरपंच बनाने में विशेष योगदान रहा।

ज्ञात हो ग्राम गोरेगांव निवासी जीवन यादव नगरी में छोटा सा टी स्टॉल चलाते हैं। ग्राम में निष्क्रिय पंचायत की मनोदशा को देखकर युवाओं की प्रेरणा से पंच से लेकर उपसरपंच बनने तक सफर तय किया। इसके लिए बहुत मेहनत की और आज सफलता मिली। इस बार ग्राम पंचायत गोरेगांव में उपसरपंच पद के लिए युवा चेहरे का चुनाव किया जिसमें जीवन यादव ने बड़ी जीत हासिल की। जीवन यादव को अपने सरल, शिक्षित, स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व के कारण ऐतिहासिक जीत मिली है। जीवन ने जीत के बाद मतदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह हमेशा गांव में विकास और जनसेवा के लिए तत्पर रहेंगे। ग्रामीणों की उम्मीद पर हमेशा खरा उतारने का पूरा प्रयास करेंगे। पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे।

## उमरगांव में फलेन्द्र बने उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद ग्राम पंचायत में उपसरपंच का निर्वाचन शनिवार 8 मार्च को हुआ। उपसरपंच के लिए 3 पंच प्रत्याशियों ने नामांकन भरा था जिसमें फलेंद्र साहू को 11, रोहित मरकाम को 6 और संगीता साहू 4 वोट मिले। फलेन्द्र साहू विजयी हुए। उन्हें पिछड़ा वर्ग का पूर्ण समर्थन मिला।

उनके उपसरपंच बनने पर कृष्ण मारकोले, जयकरण सेन, मिश्रीलाल साहू, प्रकाश साहू, तुलेंद्र साहू, गजेन्द्र साहू, रामनारायण साहू, पीलाराम ध्रुव, आरडी मानिकपुरी, जनक साहू, दुलेश यादव, सोहन साहू, खिरभान साहू, महेन्द्र पाण्डेय, किशोर यादव, चन्द्रभान यादव, टेमन यादव, तुलसी साहू सहित अनेक ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

## लॉटरी से हुआ पांवद्वार उपसरपंच का फैसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत पांवद्वार में उपसरपंच पद के लिए चुनाव हुआ। तीन उम्मीदवार मैदान में थे। कुमेश कुमार नेताम को 5 वोट व विनीता नेताम को 1 वोट और सरिता साहू को भी 5 वोट मिले। दो प्रत्याशियों को बराबर मत मिला। मतदाताओं ने लॉटरी निकलकर सरिता साहू को विजयी घोषित किया।

मौके पर पीठासीन अधिकारी हरीश निर्मलकर, संरपच राकेश नेताम, सचिव विष्णु नेताम, रोजगार सहायक डोमार देवागन , वार्ड पंच कोमल देवागन, लक्ष्मी देवागन, कुमेश्वर नेताम, प्रीति देवागन, उमेश्वर नेताम, सुखियाबाई, चमरिनबाई, डमिना नेताम, विनिता नेताम समेत वार्ड पंच उपस्थित थे।

## 70 की उम्र में भी सब्जी बेचकर अपना गुजारा कर रही खानदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

- महिला दिवस पर समाजसेवी सन्नी छाजेड़ ने किया सम्मान

7 मार्च को पूरे विश्व में महिला दिवस मनाया गया। आज महिलाएं पुरूषों कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है लेकिन नगरी में खानदाई उम्र लगभग 70 वर्ष ऐसी महिला है जो सब्जी बेचकर अपना जीवनयापन करती है। वह बस स्टैण्ड नगरी के आसपास सब्जी की दुकान लगाती है जिसे महिला दिवस पर समाजसेवी सन्नी छाजेड़ ने नाश्ता, भोजन कराया। उन्होंने शासन-प्रशासन से अनुरोध किया कि ऐसी बुजुर्ग महिला जो ग्रामीण स्तर पर अपने तथा अपने परिवार का खुद मेहनत कर जीवनयापन कर रही है उसका भी सम्मान किया जाय। समाजसेवी श्री छाजेड़ निःशक्त, बुजुर्ग, दिव्यांग महिलाओं की सेवा करते हैं। इसी तरह नगरी की दिव्यांग महिला राजबाई को आज तक शासन की ओर से किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं मिली है। श्री छाजेड़ ने



शासन-प्रशासन से ऐसी महिलाओं के लिए उचित सुविधा दिलाने की मांग की है।

## 11 पंचायतों में 20 लईका घर का शुभारंभ

### लोक आस्था सेवा ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की मदद से की शुरुआत

- बच्चों को प्रतिदिन खिचड़ी, मड़िया हलवा, सूजी हलवा, सत्तू तथा एक अंडा दिया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



लोक आस्था सेवा संस्थान द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की सहायता से लईका घर की शुरुआत की जा रही है जिसमें 7 महीने से 3 वर्ष के बच्चों को तीन समय खिचड़ी, मड़िया हलवा, सूजी हलवा, सत्तू तथा एक अंडा प्रतिदिन दिया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था की गतिविधियां जैसी गीत, कहानियां, रंग पहचानने का खेल, स्पर्श क्षमता वृद्धि एवं अन्य खेलों द्वारा सोचने समझने, संपर्क बनाने की गतिविधियां कराई जाएगी। कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। समय- समय पर सभी बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग की जाएगी। लईका घर में दी जाने वाली सुविधाएं बच्चों के लिए निःशुल्क हैं।

लईका घर की प्रक्रिया पूर्ण रूप से समुदाय आधारित है जिसमें बच्चों की देखभाल के लिए गांव की ही 2 महिला को लोक आस्था सेवा संस्थान एवं समुदाय द्वारा नियुक्त किया गया है। लईका घर खुलने का समय समुदाय निर्धारित करता है ताकि माता-पिता बच्चों को लईका घर में छोड़कर निश्चिंत होकर काम पर जा सके और बच्चों की अच्छी देखभाल हो सके। जिले की 11 पंचायतों में 20 लईका घर का शुभारंभ किया गया जिसमें सरपंच, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण अध्यक्ष, वार्ड पंच, अजीम प्रेमजी से मनीष, लोक आस्था सेवा संस्थान से अध्यक्ष हेमनारायन मणिकपुरी, सचिव सुश्री लता नेताम एवं प्रोग्राम मैनेजर सुश्री नीलम खलखो उपस्थित थे। कसपुर पंचायत के स्कूलपारा, कमारपारा, जामपानी और झुरानदी, गढ़डोंगरी मॉल पंचायत के स्कूल पारा, नयापारा, बरबांधा पंचायत, आमगांव बीचपारा स्कूलपारा, भुरसीडोंगरी पंचायत, बेलरगांव के आवासपारा, चालीपारा, बनौराराई, डोमपदर, कट्टीगांव पंचायत के बरोली, गढ़डोंगरी रैयत पंचायत एवं घुरावड़ पंचायत में लईका घर का संचालन किया जा रहा है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## लंबित मांगों को लेकर सहकारी कर्मचारी मार्कफेड एमडी से मिले



**पुरी।** सहकारी कर्मियों ने छग राज्य सहकारी संघ रायपुर के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा से मुलाकात कर गत वर्ष की शून्य शॉर्टेज प्रोत्साहन राशि दिलाने सहित इस वर्ष भी शून्य शॉर्टेज प्रोत्साहन का प्रावधान करने, पूरे प्रदेश में हुई धान खरीदी का शीघ्र उठाव करने, प्रबंधकीय अनुदान राशि देने, विभागीय समिति प्रबंधकों की भर्ती करने, ब्याज अनुदान देने, गत वर्ष की धान खरीदी का कमीशन दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, खाद्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, वित्तमंत्री, मुख्य सचिव, सहकारिता सचिव, सचिव खाद्य के नाम स्मरण पत्र पुनः सौंपा। यह जानकारी नरेंद्र साहू छग सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर ने दी है।

## अंचल की खबरें

### कातलबोड़ में स्वास्थ्य शिविर लगा



**कुरुद।** संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशन व जिला आयुष अधिकारी धमतरी के मार्गदर्शन पर त्रैमासिक आयुष स्वास्थ्य शिविर आयुष ग्राम कातलबोड़ में शुक्रवार को आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन सरपंच मिलनराम साहू, तेजन लाल साहू, विकास साहू, चिंताराम निर्मलकर, फिरतूराम साहू, अवध राम साहू, हिरामन साहू, चेतन ध्रुव, फूलचंद, घनश्याम साहू ने दीप प्रज्ज्वलन एवं भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर किया। शिविर डॉ खिलेश साहू द्वारा एनीमिया के कारण, उसके लक्षण और बचाव के तरीके के बारे में बताया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से 108 रोगियों की एनीमिया जांच की गई। शिविर में लगभग 247 मरीज की जांच और उपचार किया गया। बसंत ऋतु में कफ दोष के शमन के लिए काढ़ा का वितरण किया गया।

### इर्रा पंचायत की यामिनी बनीं उपसरपंच



**कोर्रा(भखारा)।** कुरूद ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में शनिवार को उपसरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। उपसरपंच के निर्वाचन के लिए ग्राम पंचायत को मतदान केंद्र बनाया गया था। कहीं उपसरपंच के लिए मतदान तो कहीं निर्विरोध निर्वाचित हुए। ग्राम पंचायतों में पीठासीन अधिकारी की उपस्थिति में उपसरपंच का चुनाव हुआ। इर्रा में उपसरपंच के लिए यामिनी साहू और रमेश साहू के बीच मुकाबला हुआ। यामिनी 9 वोट लेकर उपसरपंच पद पर विजयी हुई। वही प्रतिद्वंदी रमेश साहू को 5 वोट मिले। चुनाव के नतीजे आने के बाद नवनिर्वाचित उपसरपंच यामिनी साहू ने बाजे-गाजे के साथ सरपंच सूर्यकांत साहू एवं पंचों के साथ लोगों का आभार प्रकट किया।

### डांडेसरा पंचायत की दामिनी बनीं उपसरपंच



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत डांडेसरा भवन में उपसरपंच का निर्वाचन हुआ। यहां कुल 14 वार्ड है, जिसमें 12 मत पाकर दामिनी अंगद चंद्राकर विजयी रही। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी राजेश साहू, सरपंच खुमेश्वरी दीपक साहू, सचिव खेदनलाल निषाद, रोजगार सहायक एमन्त कंवर, वार्ड पंच ताराबाई यादव, अरविन्द साहू, शेषनारायण साहू, पूर्णिमा टंडन, कमलेश्वरी साहू, आसीन कंवर, रजनी कंवर, जालमसिंग साहू, नेहरूलाल ध्रुव, संजय जोशी, दीपक साहू, पूर्णिमा कंवर, देवकी जांगड़े, कम्प्यूटर ऑपरेटर भोलेश्वर यादव, ग्रापं भृत्य टिकेश्वर साहू, गुलाबदास मानिकपुरी उपस्थित थे।

### महिला दिवस पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**कुकरेल(धमतरी)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महानदी महिला संघ नगरी के एकता संकुल कुकरेल एवं प्रदान संस्था के सहयोग से वार्षिक उत्सव, आमसभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजय फत्तेलाल ध्रुव, जनपद सदस्य चन्द्रकला भीषम साहू, अधिवक्ता डिप्टी चिक. जि. न्यायालय धमतरी धनंजय तिवारी, संकुल पदाधिकारी अध्यक्ष माधुरी दीवान, सचिव प्रतिमा ध्रुव, लेखापाल मधु साहू, खेमिन नेताम, सुनीति कतलाम, जासनी ध्रुव, ज्योति साहू, पीआरपी उमा सिन्हा, माध्यमिक शाला की शिक्षिका उमा देवांगन, प्रदान संस्था से रूपेश कुठु, रिया सिंह, जीत सिन्हा, तारकेश्वर यादव, दीपक कुरैल, सलिरा पटेल, योगेश यादव, सुनीता मानिकपुरी, श्यामदास मानिकपुरी तथा संकुल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

संजय आर्ट्स
IND नंबर प्लेट
हाई सिक्यूरिटी नम्बर प्लेट बुकिंग किया जाता है
एवं प्लेटो को कव्हर सहित फिटिंग किया जाता है
GJ03L K0563
CG04MF2250
सिहावा चौक, रेल्वे स्टेशन के सामने, हनुमान मंदिर के बाजू, धमतरी 9827111438, 7000909964

## अंचल की खबरें

### भोथली में पोखराज निर्विरोध उपसरपंच बने



**सिर्री।** ग्राम पंचायत भोथली में 8 मार्च को उपसरपंच का चयन निर्विरोध किया गया। वार्ड के समस्त पंचों ने पोखराज नेताम को निर्विरोध उपसरपंच बनाया। पंचायत प्रतिनिधियोंसहित ग्रामीणों ने हार गुलाल से उनका स्वागत किया। पीठासीन अधिकारी प्रकाशचंद्र सेन थे। मौके पर योगेश साहू सरपंच, गोपाल निषाद सचिव, पंचगण भागवत प्रसाद देवांगन, संतोषीबाई ध्रुव, मनभा यादव, चंद्रदेव यादव, युवराज देवांगन, प्रमिला बाई देवांगन, अहिल्या ध्रुव, ममता देवांगन, पुरइन यादव, टिकेश्वर ध्रुव, केसरीबाई ध्रुव, ईश्वरीराम साहू पूर्व सरपंच, धर्मेंद्र नेताम पूर्व सरपंच, दुलारुराम यादव, तोमन साहू, लोमश देवांगन, अनूप ध्रुव, हेमंतदास कोटवार, दिनेश देवांगन, वेदप्रकाश अंसारी रोजगार सहायक, राकेश दीवान, राजेश सेन, जागेश्वर ध्रुव, चंद्रप्रकाश देवांगन, योगेश नेताम, सतीश ध्रुव, कुलदेव नेताम, पार्वती रात्रे, राकेश दीवान ने खुशी जाहिर की है।

### मेडिकल रिलीफ फंड से दिया तीस हजार का चेक



**कुरुद।** संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति कुरूद द्वारा संचालित मेडिकल रिलीफ फंड से पंजीकृत सदस्य भुवनलाल यादव व्याख्याता शाउमावि सेमरा बी शाला को लंबे समय से अस्वस्थ होने पर फंड के नए नियमानुसार तीस हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर संघ के ब्लाक अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, मेडिकल रिलीफ फंड अध्यक्ष पुरुषोत्तम निषाद, जिला पदाधिकारी घनश्याम वर्मा, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम सेन, प्रभारी प्राचार्य श्रवण साहू, नोहरसिंह साहू, नरसिंह मार्कण्डेय, टकेंद्र साहू, तरुण धीवर, लोकनाथ ढीढी, हेमलता साहू आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### जनपद सदस्य अनुराग ने सुनी भागवत कथा



**जीजामगांव।** ग्राम हथबंद कुरूद में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा सुनने नवनिर्वाचित जनपद सदस्य अनुराग साहू भी पहुंचे। श्रीमद भागवत कथा के 7वें दिवस कथावाचक ने रासलीला, श्री कृष्ण मथुरा गमन, कंस वध एवं रूक्मणि विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को भय से मुक्त करती है। मनुष्य आज सांसारिक मोह के बंधनों से बंधा है। वह यदि श्रीमद् भागवत को मनोभाव से सुनता है तो वह सभी मोह बंधनों से मुक्त हो जाता है तथा उसे भगवान हरि के चरणों में स्थान मिलता है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच हुलसी साहू, भंवर साहू, उमेश साहू, दुलेश्वर साहू, लीला साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

### कोटगांव के उपसरपंच बने हरीश



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत कोटगांव में उपसरपंच का चुनाव हुआ। एक माह पूर्व श्रीमती उषा ध्रुव को निर्विरोध सरपंच निर्वाचित कर ग्रामीणों ने राजनीतिक शुचिता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया था। सरपंच ने उपसरपंच भी निर्विरोध चुनने सभी पंचों से आग्रह किया, लेकिन आपसी समन्वय स्थापित नहीं हो सका। जिसके कारण उपसरपंच का चुनाव हुआ। 10 वार्डों के पंच एवं सरपंच सहित कुल 11 वोट पड़े। हरीश साहू को 8 तथा सीताराम टंडन को मात्र 3 मत मिले। हरीश 5 मतों के अंतर से विजयी हुए और कोटगांव के नए उपसरपंच निर्वाचित हुए। निर्वाचित होने के पश्चात सरपंच, उपसरपंच, पंच श्रीमती सुमन संतोष साहू पुर्व सभापति जिपं से भेंट करने उनके निवास पहुंचे। उन्होंने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से शासन की योजनाओं को पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आग्रह किया।

### कंडेल की उपसरपंच बनीं बसंती




**धमतरी।** गौरव ग्राम कंडेल में उपसरपंच के रूप में श्रीमती बसंती साहू की ताजपोशी हुई। शनिवार को ग्रापं कंडेल में उपसरपंच का चुनाव हुआ जिसमें भाजपा समर्थित बसंती साहू और कांग्रेस समर्थित अनिल सागर के बीच चुनाव हुआ। बसंती साहू को 15 मत तथा अनिल सागर को 6 मत प्राप्त हुए। बसंती साहू 9 मतों से जीतकर उपसरपंच निर्वाचित हुईं। पीठासीन अधिकारी आशीष नंदा, सचिव राजेश ध्रुवंशी तथा सरपंच गिरधर सार्वा ने बसंती साहू को उपसरपंच का प्रमाण-पत्र सौंपा। इस दौरान ग्राम के गणमान्य नागरिक यतीश श्रीवास्तव, रवि साहू, दादू साहू, श्रीराम साहू, गिरीश साहू, भीखम सिन्हा, बालाराम साहू, पदुमन नागरची, शिवराम साहू, पवन साहू, हेमूराम साहू, होमेंद्र साहू सहित पंच जानकीबाई, सावित्री ढीमर, भुनेश्वरी सिन्हा, भूमिका साहू, लोकेश ढीमर, गीतेश ढीमर, रोशन साहू, लोकनाथ मच्छेंद्र उपस्थित थे।

### बैंकिंग के विद्यार्थियों को कराया गया इंटर्नशिप

**धमतरी।** व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार के विद्यार्थियों को बैंकिंग की प्रायोगिक व सैद्धांतिक जानकारी प्रदान करने के लिए दस दिवसीय इंटर्नशिप का आयोजन किया गया। प्राचार्य देवनाथ साहू के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षक दीपशिखा तिवारी के नेतृत्व में कक्षा 11 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक अर्जुनी में दस दिवसीय इंटर्नशिप कराया गया।

---

जिले में तीन ज्योति जल रही, यह नाम की ही नहीं, काम की भी है : अजय

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति और 15 पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी







शनिवार को भखारा नगर पंचायत में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर शामिल हुए। नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति जैन सहित 15 पार्षदों ने एसडीएम के समक्ष पद और गोपनीयता की शपथ ली।

अजय चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि धमतरी जिले में तीन ज्योति जली है, कुरूद, भखारा एवं आमदी में। उन्होंने कहा कि यह नाम की ज्योति नहीं है, काम की भी ज्योति है। आगे कहा कि भखारा नगर में नई टीम गठित हुई है। पिछली टीम की अपेक्षा अच्छे कार्य करेगी। नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने भाजपा को दोबारा अवसर दिए। आगे कहा कि मेरी भूमिका छोटी सी है। छोटी सी भूमिका यह कि भखारा भठेली आगे कैसे बढ़े। कुछ दिन पहले मैं विधानसभा में भाषण दिया था कि नगर पंचायत जितने नये बने हैं, उस नगर पंचायत में जमीन नहीं है। नजूल घोषित नहीं हुआ है जो बरसों से काबिज हैं उसे प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इसके लिए काम करने की जरूरत है, कानून बनना है, कानून बनाइये, नियम बनाना है, नियम बनाइये लेकिन गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दीजिए। मैं चुनाव प्रचार के दौरान यह बोला था कि नगर पंचायत भखारा भठेली से मुझे व्यक्तिगत लगाव है। यहां कालेज, स्टेडियम, गार्डन जैसे अनेक विकास कार्य हुए। इसे बनाने में छोटा सा योगदान मैंने दिया। उन्होंने पार्षदों से कहा कि मीटिंग में वार्डों तक सीमित नहीं रहना है। कहीं भी किसी भी चीज की जरूरत हो उनको पूरा करना है, ताकि भखारा नगर का और तेजी से विकास हो सके। उन्होंने नगरवासियों से कहा कि आपने जो जनादेश दिया है उनका मैं सम्मान करता हूं।

नेहरू निषाद अध्यक्ष छग राज्य पिछड़ा आयोग ने कहा कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है। उन्हें जनता की आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। नगर विकास के लिए विधायक अजय चन्द्राकर के साथ मिलकर चले। जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, गौकरण, गीतेश्वरी, लोकेश्वर सिन्हा, बिझवारराम साहू, गिरिराज सोन, बंशी पटेल, पुष्पालता देवांगन, आनंद यदु, भीम साहू, रवि सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे। नपं भखारा भठेली के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं प्रशासक संतोष विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया।

#### समाज के हर वर्ग का ख्याल रखूंगी : ज्योति



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान लोगों में भारी उत्साह देखा गया। समारोह स्थल पर बड़ी तादाद में लोग पहुंचे और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग का ख्याल रखेंगे। यह जिम्मेदारी केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता की सेवा का अवसर भी है। नगरवासियों ने जो भरोसा जताया है, उसे मैं पूरी निष्ठा, सत्य और ईमानदारी के साथ निभाऊंगी। विकास के हर आयाम को छूने की कोशिश की जाएगी। समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा के लिए कार्य किया जाएगा।

#### समारोह में इन्होंने ली शपथ

समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति हरख जैन के साथ वार्ड क्र. 1 की पार्षद परदेशी कंवर, वार्ड क्र. 2 भूपेंद्र यादव, वार्ड क्र. 3 भानुप्रताप गायकवाड, वार्ड क्र. 4 छबि निर्मलकर, वार्ड क्र. 5 अविनाश बिट्टू गौर, वार्ड क्र. 6 चांदनी साहू, वार्ड क्र. 7 झम्मन साहू, वार्ड क्र. 8 मेघनाथ साहू , वार्ड क्र. 9 अंजु दीनानाथ साहू, वार्ड क्र. 10 खेमलता साहू, वार्ड क्र. 11 हितेंद्र साहू, वार्ड क्र. 12 विष्णु साहू, वार्ड क्र. 13 डुमेंद्र गंगबेल, वार्ड क्र. 14 भूपेश्वरी चंदेल, वार्ड क्र. 15 गौतमी पटेल पार्षद ने शपथ ली।

#### नगर विकास की नई शुरुआत

इस शपथ ग्रहण समारोह को एक नई शुरुआत का प्रतीक माना जा रहा है। अब नगरवासियों की निगाहें इन नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर टिकी हैं, जो आने वाले समय में अपने कार्यों से यह सिद्ध करेंगे कि वे नगर के चहुंमुखी विकास के लिए कितने गंभीर और समर्पित हैं। नगर की जनता को अब यह देखना है कि क्या यह नवनिर्वाचित प्रतिनिधि अपने वादों को निभाते हैं और नगर के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सफल होते हैं। आने वाले वर्षों में इनकी नीतियां और क्रियान्वयन ही इस सवाल का जवाब देंगे।

#### समारोह में नपं के प्रशासनिक एवं कार्यालय कर्मचारियों की भूमिका

समारोह को सफल बनाने में नगर पंचायत के प्रशासनिक एवं कार्यालय कर्मचारी संतोष विश्वकर्मा, दिव्या वर्ज्याणी, योगेश साहू, संजय साहू, कमलेश साहू, हरकेश ठाकुर, शेखर सिन्हा, चंद्रप्रकाश साहू , होमेश्वर साहू, चोवाराम ढीढी, देवेन्द्र कंवर, बिन्दु शर्मा, शोभाराम साहू, पूर्णेश्वर साहू, संतोष साहू, भुनेश्वर साहू, गणेश साहनी, मीना साहनी, सुनील साहनी, अन्नु साहनी, आदित्य साहनी, करण साहू, सेवकदास मनिकपुरी, महेन्द्र चंदेल, ताराचंद साहू, भोजराज साहू, दौलत साहू, महेद्र निर्मलकर, थानूराम साहू, दिनेश साहू, सुरेश साहू, लोकेश साहू, अशोक साहू, लीलाधर निषाद, मुकेश बंजारे, भूमिका साहू, सेवकराम पटेल, चुम्मनपुरी गोस्वामी, नरेन्द्र साहू, अमरसिंह ढीढी, होरीलाल, लेखराम साहू, सुरेन्द्र साहू, धर्मेन्द्र साहू, पुष्पेन्द्र साहू, अगसिया साहू, अन्त्री चन्देल, नंदनी चौरे, किरण साहू, उषा निषाद, गीता नेताम, ईश्वरी साहू, सीमा साहनी, रेवती सोनवानी, मंजू चौरे, कु.कुंवर विश्वकर्मा, प्रतिमा नावले, नीरा यादव, सोहद्रा साहू, रामेश्वरी साहू, मीना पटेल, प्रेमलता ठाकुर, मीना निषाद, मोतीलाल साहू, ललित यादव का योगदान रहा।

---

## गायत्री शक्तिपीठ ने किया महिलाओं का सम्मान

- गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार ने नवनिर्वाचित महिला पार्षद एवं जिपं सदस्य एवं नगर की समाज सेवी महिलाओं का सम्मान किया गया।

गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित महिला सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित निगम सभापति कौशिल्या देवांगन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि गायत्री शक्तिपीठ आदर्श समाज निर्माण की बहुत बड़ी कड़ी है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। उसे भी सभापति बनाकर सम्मान दिया गया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में गायत्री शक्तिपीठ के साथ मिलकर काम करने पर गर्व महसूस होगा। जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन ने कहा कि सनातन धर्म में महिला का स्थान आगे है। पहली पूजा गौरी गणेश की होती है। नारी शक्ति पूजनीय है। हर क्षेत्र में योग्यता साबित करते हुए धर्म को बढ़ाने का काम महिलाएं कर रही हैं। हमने परिवार को संवार लिया तो देश संवर जाएगा।

गायत्री शक्तिपीठ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभापति कौशिल्या देवांगन, जनपद सदस्य मोनिका देवांगन, लालबगीचा वार्ड पार्षद हिमानी साहू, विवेकानंद वार्ड पार्षद विभा चन्द्राकर, मकेश्वर वार्ड पार्षद आशा लोंधी, सरदार वल्लभभाई वार्ड पार्षद भारती साहू, शीतलापारा वार्ड पार्षद उमा ध्रुव, अर्चना साहू, नगर की समाजसेविका नमिता जैन, प्रतिभा महावर, आभा दीक्षित, गीता अग्रवाल, लक्ष्मी सोनी, चंपाकिरण, वत्सला साहू, ज्योति सिन्हा का सम्मान किया।

मौके पर मुख्य रूप से गायत्री शक्तिपीठ की मुख्य प्रबंधन ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण, यशोदा साहू, सुनील छाटा, निर्मला कश्यप, सावित्री पटेल, दुर्गा बाई, माया साहू, लक्ष्मी साहू, प्रेमिका साहू, सरिता सिन्हा, जिला समन्वयक दिलीप नाग, ब्लाक समन्वयक उगेश बसोड़, राजकुमार कौशल साहू, चेतनलाल साहू, ऋषभ देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में गायत्री परिवार ट्रस्ट ने होली मिलन समारोह रखा। होली गीत गाकर खुशियां मनाई। शांतिपाठ, प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## ब्राम्हण महिला मंच ने किया महिलाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ब्राम्हण महिला मंच ने महिला दिवस पर रामप्यारी मिश्रा, रेणुका मिश्रा, रत्नावली मिश्रा, नम्रता पाठक, बृज शर्मा का सम्मान किया। मौके पर बरखा शर्मा, अंकिता मिश्रा, मेघा मिश्रा, कविता मिश्रा, सरिता मिश्रा, कौशल मिश्रा, प्रशस्ति पाठक समेत अन्य मौजूद थे।

## एक महिला के शिक्षित होने पर पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है : अरुंधति




- मगरलोड महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सुश्री अरुंधति देवांगन स्वास्थ्य अधिकारी आयुष विभाग मगरलोड, विशिष्ट अतिथि श्रीमती रामकली साहू एवं रुक्मणि यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

डॉ. वेरुलकर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। श्रीमती रामकली साहू ने महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अरुंधति देवांगन ने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा लैंगिक, सामाजिक, मानसिक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी घर में एक महिला शिक्षित हो जाती है तो पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है साथ ही दहेज प्रथा जैसे कुप्रथाओं के बारे में भी जानकारी दी। आर्थिक समानता, सामाजिक समानता और राजनैतिक समानता पर अपनी बात रखी। महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की कर्मचारी श्रीमती हुलासिनी कश्यप एवं श्रीमती मोंगरा साहू का भी सम्मान हुआ।

कार्यक्रम का संचालन दीपक कश्यप अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ घनश्याम देवांगन, कौसलेश ध्रुव, निरूपा साहू, डॉ. रमा चंद्राकर, अनीता साहू, डॉ. विनोद कुमार, सुश्री सुषमा, डॉ. सुशीला साहू, नेहा चंद्राकर, योगेशकुमार, नीरज साहू, अनीता साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पुष्पा निर्विरोध उपसरपंच चुनी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम पंचायत सोनेवारा में 8 मार्च को उपसरपंच का चुनाव हुआ। उपसरपंच पद के लिए वार्ड क्र. 10 पंच पुष्पा सिन्हा ने नामांकन फार्म भरा था। पीठासीन अधिकारी ने सिर्फ एक ही प्रत्याशी होने से पुष्पा सिन्हा को निर्विरोध उपसरपंच घोषित किया।

इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी श्रवण कुमार, सरपंच सुरेखा परमानंद निषाद, पंच शशिबाई निषाद, गीताबाई पनिका, जेठिनबाई गोड़, परमानंद निषाद, माधुरी निषाद, पूनाबाई कंवर, हेमाबाई यादव, अजय ध्रुव, रूपसिंग कंवर, भुनेश्वर निर्मलकर, सचिव रामप्रसाद साहू, रोजगार सहायक मद्रिका निषाद, कोटवार कोमल मानिकपुरी, फूलचंद सिन्हा, विकास निषाद उपस्थित थे।

## भैंसबोड़ के नागेश बने उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम पंचायत भैंसबोड़ में 8 मार्च को उपसरपंच का निर्वाचन किया गया, जिसमें नागेश साहू ने जीत हासिल की। उपसरपंच के निर्वाचन के लिए 3 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म भरा जिसमें से नागेश साहू को 11 मत, लोकेश्वर साहू को 7 मत एवं संतोष तारक को 1 मत प्राप्त हुए। नागेश साहू विजयी हुए।

इस अवसर पर गंगाबाई साहू सरपंच, लोकेश कुमार पीठासीन अधिकारी, रामकुमार बंजारे सचिव भैंसबोड़, पंचगण संतराम साहू, लोकेश्वर साहू, संतोष तारक, लीलाधर कंवर, चन्द्रहास साहू, फग्गूराम साहू, गजेंद्र साहू, यशोदा ढीमर, ज्योति धुरी, विद्या साहू, अनीता साहू, वत्सला साहू, उर्वशी तेली, अगसियाबाई, लछनी ढीमर, द्रुपति यादव, संगीता साहू, डाकेश साहू रोजगार सहायक, संतोष नगारची कोटवार, तिजेन्द्र कंप्यूटर ऑपरेटर, कृष्णा साहू पंचायत सेवक उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दरबा में निर्विरोध उपसरपंच बने गुलशन



**जीजामगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पंचों के बीच उपसरपंच का चुनाव 8 मार्च को हुआ। ग्राम पंचायत दरबा में गुलशन साहू निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। गुलशन के उपसरपंच चुने जाने पर रामेश्वरी बंजारे, दिनेश साहू, योगेश साहू, नूतन साहू, सोमप्रकाश साहू, रेखा सपहा, ज्योति वर्मा, सुमित्रा सपहा, पूर्णिमा साहू, पार्वती यादव, कमलेश साहू, खेमचंद साहू, कन्हैया रात्रे, कीर्तिबाई शाहिद ग्रामीणों ने हर्ष जाहिर किया है।

### सीए फाउंडेशन की परीक्षा पास कर केसरी ने बढ़ाया नगर का मान



**कुरुद।** कुरूद निवासी खेमलाल साहू तथा श्रीमती हेमकुमारी साहू की पुत्री केसरी साहू ने सीए फाउण्डेशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर को गौरवान्वित किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़ी बहन वेधा साहू एवं गुरूजनों को दिया। जैसे ही रिजल्ट आया परिवार में खुशी का माहौल छा गया। उनके दृढ़ संकल्प ने लक्ष्य को आसान बनाया। उन्होंने अपनी पढ़ाई सशिमं उमावि कुरूद से की है। वर्तमान में बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत हैं। उनके शिक्षक हेमन्त साहू बताते हैं कि केसरी प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही हैं। 12 वीं बोर्ड परीक्षा 2024 में 94.4% अंकों के साथ उत्तीर्ण रही तथा वे महज 3 अंकों से माशिमं की मेरिट लिस्ट से चूक गई। केसरी पढ़ाई के अलावा खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता लेती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों तथा शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### गर्भवती महिलाओं का हुआ पुंसवन संस्कार

**धमतरी।** गायत्री शक्तिपीठ कुरूद में गर्भ संस्कार, गर्भ का ज्ञान विज्ञान, बली वैश्य, मंत्र लेखन के साथ साहित्य का वितरण किया गया। दो कुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से 13 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार हुआ। इस आयोजन में कविता डड़सेना, श्वेता चंद्राकर, गायत्री शक्तिपीठ कुरूद की मुख्य ट्रस्टी साधना देवांगन, ममता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, डाली साहू, मीना साहू, भारती साहू, पूर्णिमा ध्रुव, विद्या देवांगन, वेदिका देवांगन मौजूद थे। यह जानकारी प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ कौशल प्रसाद साहू ने दी है।

नगर पंचायत कुरुद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

# निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सोच बड़ी रखकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए : चंद्राकर







- अध्यक्ष ज्योति ने अच्छे भाव व विचार के साथ नगर की तस्वीर बदलने का भरोसा जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दृष्टिकोण और सोच बड़ा रखकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जिन संस्थाओं के लिए हमें जनादेश मिला है, उसके प्रति सर्वसम्मत होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ें। पैसों की चिंता छोड़ दे, अपने स्तर के काम मैं बिना मांगे शहर के विकास के लिए दूंगा। उक्त बातें पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ने नपं कुरुद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में कही।

शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पंचायत परिसर कुरूद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि विधायक श्री चंद्राकर की मौजूदगी में एसडीएम नभसिंह कोसले ने पहले अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर को पद गोपनीयता और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। तत्पश्चात तीन चरणों में 15 वार्डों के पार्षद उत्तम साहू, डुमेश साह, रजत चन्द्राकर, महेंद्र गायकवाड़, मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, उर्वशी चंद्राकर, रविप्रकाश मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, अर्जुन ध्रुव, राजकुमारी ध्रुव, राखी तपन चन्द्राकर, देवव्रत साहू, मनीष साहू और मंजू प्रमोद साहू को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, आशु चन्द्रवंशी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, शशि ठाकुर, कमलेश ठोकने, रविकांत चन्द्राकर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष भानु चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष कृष्णकान्त साहू, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष द्वय गीतेश्वरी साहू, वीरेंद्र साहू, मालकराम साहू, तारिणी चन्द्राकर, आशीष शर्मा, मालकराम साहू, प्रमोद साहू, पंकज सिन्हा, कवि मीर अली मीर, झागेश्वर ध्रुव, लोकेश्वर सिन्हा, सुरेश अग्रवाल, सत्यप्रकाश सिन्हा, खिलेंद्र चंद्राकर, रवि चंद्राकर, प्रभात बैस, थानेश्वर साहू, विकास चंद्राकर, हरीश माहेश्वरी, सुरेश महावर, विजय केला, अय्यूब खान, प्रमोद शर्मा, थानेश्वर तारक, टिकेश साहू, अनूप यादव, तहसीलदार दुर्गा साहू, एसडीओपी रागिनी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। संचालन शिक्षक डीके साहू एवं आभार व्यक्त सीएमओ महेंद्रराज गुप्ता ने किया।

### 25 सालों में हमने कुरुद का स्वरूप बदला है यह मैं नहीं पूरा हिंदुस्तान कह रहा : अजय

मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर ने कहा कि 25 सालों में हमने कुरुद का स्वरूप बदला है। यह मैं नहीं पूरा हिंदुस्तान कह रहा है। मुझे मेरा पद, दायित्व पता है। मैं उसके अनुरूप कार्य करता हूं। हम सबने भी उस पदों की जिम्मेदारियों को बखूबी से निभाया जिसके लिए हमें जनादेश मिला है। उन्होंने बजट 2025-26 में कुरुद के विकास को लेकर शामिल सभी कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मेरे रहते आपको विकास कराने धन की चिंता करने की जरूरत नही है। उन्होंने शिक्षा, व्यवसाय के साथ कुरुद के मानव संसाधन को प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने कुरूद के लिए एक नई औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना किये जाने की बात कही। साथ ही पिछले कार्यकाल में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का विधायक, सांसद के प्रति संवाद शून्यता पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर अपने शहर के लिए उदार एवं अच्छे विचार के साथ काम करने की अपेक्षा जताई।

### मोदी की गारंटी, विष्णुदेव के सुशासन व अजय के विकास रथ को घर-घर पहुंचायेंगे : ज्योति

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें अजय चंद्राकर जैसा नेतृत्व व मार्गदर्शक मिला है। हमारी परिषद ने जिस संकल्प के साथ शपथ ली है उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। मोदी जी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन एवं अजय के विकास रथ को हर घर पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि हमे मिले जनादेश के प्रति प्रतिबद्धता बनाये रखने हमारी परिषद नशा मुक्त, साफ सुथरा नगर बनाये रखने संकल्पित रहेगी।अच्छे भाव व विचार के साथ नगर की तस्वीर बदलने का काम किया जायेगा। ज्योति ने कुरूद को सजाने, संवारने हेतु जनमानस से नागरिक जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा भी जताई। इससे पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि विकास पुरूष अजय चंद्राकर की बदौलत कुरुद नगर सहित क्षेत्र विकासशील से विकसित कुरुद की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# यादव ठेठवार समाज की समरसता यात्रा 22 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



यादव समाज द्वारा सामाजिक समरसता मध्यप्रदेश यात्रा को लेकर तैयारी की जा रही है। यात्रा में शामिल होने के लिए स्वजातीय जन पंजीयन करा रहे हैं। गुगलमीट के माध्यम से बैठक आयोजित कर मार्गदर्शन ले रहे हैं। रायपुर से यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। यात्रा धमधाराज, खैरागढ़राज पांडादाह राज, लांजी राज, भेड़ाघाट, कनिया चिल्फीघाटी कवर्धा राज, कवर्धा, गंडई से होते हुए बेमेतरा पहुंचेगी। यहां यात्रा का समापन होगा।

पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव ने बताया कि सामाजिक समरसता यात्रा का यह तीसरा वर्ष है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक गतिशीलता, भाईचारा, समाज में समभाव की भावना जागृत करना है। यात्रा के प्रभारी परमानंद यादव, हरीश यादव प्रदेश प्रभारी, समलिया यादव, अनुशासन प्रभारी रामसिंह यादव प्रदेश संरक्षक, बलराम यादव सलाहकार बनाए गए। यात्रा के संयोजक नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, सहसंयोजक पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, बसंत यादव प्रदेश संगठन मंत्री, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों के सहयोग से यात्रा आयोजित की जा रही है। यात्रा में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा से स्वजातीयजन शामिल हो रहे हैं। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जायेगा। सामाजिक सभा होगी।

# धमतरी संभाग के 200 लाइन कर्मियों का किया सम्मान



- पावर हाउस धमतरी में राष्ट्रीय लाइनमेन दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

4 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमेन दिवस पर धमतरी संभाग में कार्यरत लाइनमेन, संविदा कर्मी एवं बाह्य स्त्रोत कर्मियों का सम्मान कार्यक्रम पावर हाउस धमतरी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिलप्रसाद सोनी कार्यपालन अभियंता धमतरी संभाग ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्युत लाइन कार्य करते समय बरते जाने वाली सुरक्षा, सावधानियों के बारे में जानकारी राजेंद्र साहू कनिष्ठ अभियंता कुकरेल वि.के. द्वारा दी गई।

कार्यपालन अभियंता द्वारा धमतरी संभाग एवं टीएसजी उपसंभाग के कुल 200 लाइन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, बुके, श्रीफल एवं गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लाइन कर्मचारी विद्युत विभाग की रीढ़ है। इनके बिना बिजली के सुचारू एवं निरंतर प्रदाय होने की कल्पना नहीं की जा सकती। लाइन कर्मचारी अपनी जान को जोखिम में डालकर विद्युत उपभोक्ताओं को गर्मी बारिश, आंधी तूफान और किसी भी मौसम की परवाह किए बिना 24 घंटे विद्युत आपूर्ति निरंतर बनाए रखने हेतु तत्पर रहते हैं। उन्होंने लाइनमेंन के कठोर परिश्रम की सराहना की। उन्होंने लाइन कर्मचारियों को शपथ ग्रहण करवाया तथा सुरक्षा उपाय का कड़ाई से पालन करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में योगेश तारम, सहायक अभियंता ग्रामीण, भारत सिन्हा सहायक अभियंता धमतरी जोन, वामन कुमार साहू सहायक अभियंता अर्जुनी उपसंभाग, तुषार सिन्हा सहायक अभियंता टीएसजी उप संभाग सहित कनिष्ठ अभियंता शेषनारायण देवांगन, विनय ठाकुर, राजेंद्र साहू पूर्णिमा ठाकुर, वैशाली गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लाइनमेन, संविदा कर्मी तथा एफओसी कर्मी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन सोहन धीवर निज सहायक व आभार प्रदर्शन वामन ने किया।

# शिक्षकों को बताया, विद्यार्थियों में कैसे जगाएं विज्ञान और गणित के प्रति रुचि

- भिलाई में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के तीन शिक्षकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में हुआ। इसमें राज्य से कुल 50 शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। धमतरी जिले से अनिल कुमार साहू, कृति साहू, होमेश्वर दास मानिकपुरी ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। कार्यशाला में आईआईटी भिलाई के विषय विशेषज्ञों ने प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किकता, गणितीय कुशलता प्राप्ति हेतु नवीन प्रायोगिक शिक्षण विधियों को अपनाने प्रशिक्षित किया गया। संस्थान के सभी विभागों की प्रयोगशालाओं का भ्रमण करवाकर सभी विभाग के अत्याधुनिक उपकरणों एवं चल रहे शोध कार्यों से शिक्षकों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में आईआईटी के डॉयरेक्टर डॉ. राजीव प्रकाश तथा को-ऑर्डिनेटर के रूप में डॉ. महबूब आलम शामिल रहे। राज्य परियोजना कार्यालय के प्रतिनिधि के रूप में राजकुमार चाफेकर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों के सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में टेक्नॉलॉजी के महत्व को बढ़ावा देना है। प्राथमिक स्तर से ही बच्चों में विज्ञान तथा गणित के प्रति रुचि उत्पन्न करना और उन्हें हमारे आसपास या हमारे दैनिक जीवन में विज्ञान कैसे शामिल है, इसकी जानकारी देनी है। प्रशिक्षण में आईआईटी भिलाई के प्रोफेसरों ने भौतिकी, रसायन, जीवविज्ञान व गणित पर अपने विचार साझा किए। प्रशिक्षित शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत इस प्रशिक्षण को अत्यंत प्रभावी बताया। समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय के डॉ. एम. सुधीश असिस्टेंट डॉयरेक्टर, राजकुमार चाफेकर एपीसी समग्र शिक्षा रायपुर ने माना कि यह कार्यक्रम प्रदेश के बच्चों के लिए एक नई रोशनी लेकर आया है।

# पेंशनर्स एसोसिएशन में चल रहे विवाद का हुआ पटाक्षेप

- निर्वाचन प्रक्रिया हुई प्रारंभ, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पेंशनर्स एसोसिएशन में चल रहे विवाद का पटाक्षेप हुआ। पद की लड़ाई एवं समान्तर कार्यकारिणी का प्रकरण माननीय रजिस्ट्रार, फर्म्स एन्ड सोसयटी छग में वर्ष 2021 तक बाद में माननीय उच्च न्यायालय छग में 2024 तक लंबित रहा। रजिस्ट्रार के आदेश पर 3 फरवरी 2025 को प्रकरण का अंतिम निराकरण हुआ एवं रजिस्ट्रार के आदेशनुसार पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश के सविधान के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने बताया कि रायपुर सहित जिला कबीरधाम, राजनांदगांव, धमतरी, महासमुंद, भाठापारा, बलौदाबाजार, खैरागढ़, मोहला चौकी, कांकेर कोड़ागांव, बालोद, दुर्ग के जिला एवं तहसील पदाधिकारी सहित पेंशनर्स बैठक में सम्मिलित हुए। कार्यकारिणी की बैठक में सदस्यों ने निर्णय लिया कि पेंशनर्स एसोसिएशन के संविधान के अनुसार सरक्षक संदस्य, आजीवन सदस्य वार्षिक सदस्य सहित जिला के 5 पदाधिकारी तहसील के 3 पदाधिकारी की प्रमणित सूची 11 मार्च को रायपुर के निर्वाचन कार्यालय में जमा करने की लिखित अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रदेश स्तर के लिए सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर रायपुर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं मंत्रालय से सेवानिवृत्त अवर सचिव एवं सेवानिवृत्त संभागीय इजीनियर को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अधिकारियों द्वारा परीक्षण के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 मार्च को होगा। प्रत्याशी द्वारा नामांकन जमा, नामांकन की जांच एवं अधिकृत प्रत्याशीयों की घोषणा होगी। एक से अधिक प्रत्याशी होने पर मतदान कराया जायेगा।

# माधवेन्द्र बने कलारतराई के उपसरपंच



**धमतरी।** ग्राम पंचायत कलारतराई में शनिवार को उपसरपंच के लिए निर्वाचन हुआ। निर्वाचन अधिकारी के रूप में एलके वट्टी ने निर्वाचन प्रक्रिया सुबह 11 बजे शुरू की। उपसरपंच के लिए दो अभ्यर्थियों ने फार्म लिया। माधवेंद्र साहू और रूपेश साहू के बीच चुनाव हुआ। रूपेश साहू को 8 मत और माधवेन्द्र को 9 मत मिले। जीत के बाद निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रमाण-पत्र दिया। माधवेन्द्र ने सभी पंचों का आभार व्यक्त व्यक्त किया और मिलजुल कर गांव का विकास कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप ध्रुव, रामकुमारी साहू, गया बाई ध्रुव, पुष्पा बाई सिन्हा, भोज बाई साहू, रामकुमारी, भीखम निर्मलकर, धनेश्वरी सिन्हा, डागेंद्र कुमार साहू, कुमारी बाई साहू, टोमिन, रवि प्रकाश सेन, कुंती साहू, सुशीला साहू, विष्णु साहू सहित पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

# नर्सिंग कालेज में छात्रों ने महिला दिवस पर रंगोली एवं पोस्टर बनाए



**धमतरी।** रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला दिवस की थीम नारी शक्ति से विकसित भारत पर विद्यार्थियों ने रंगोली एवं पोस्टर बनाए। वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ विद्यार्थियों ने महिलाओं के समान अधिकार, उनके अधिकारों की रक्षा और समाज में महिलाओं की स्थिति पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में ग्राम लिमतरा की नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू एवं महिला पुलिस धमतरी को कालेज में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य संजय लाल ने कहा कि हमारे कॉलेज में यह प्रयास किया जा रहा है कि हम अपने छात्रों और समुदाय में महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं और उन्हें प्रेरित करें कि वे समाज में महिलाओं के समान अधिकारों के लिए काम करें। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल महिलाओं की शक्ति को पहचानना है, बल्कि समाज में समानता और सम्मान की दिशा में कदम बढ़ाना भी है। इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मधुबन मेला महोत्सव का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



मधुबन मेला महोत्सव एवं श्री राममहायज्ञ का आज समापन होगा। यज्ञकर्ता, पण्डितों के मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति कर महोत्सव का समापन किया जायेगा। मधुबन मेला महोत्सव में नौ दिनों तक यज्ञ, हवन किया गया। पण्डितों ने धर्म, संस्कृति पर व्याख्यान दिश। यह धर्मप्रेमियों के लिए आस्था का केंन्द्र रहा।

मधुबन मेला महोत्सव एवं श्रीराम महायज्ञ समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर होंगे। अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू करेंगे।

विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य मीना डेमू साहू, जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य श्याम साहू, मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याणसिंह राजपूत, रांकाडीह ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शत्रुहन साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, रांकाडीह सरपंच भोजराम साहू, श्रीराम महायज्ञ समिति संयोजक लक्ष्मीनारायण साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ज्योति दिवाकर ठाकुर, श्रीराम महायज्ञ समिति अध्यक्ष अरुण कंवर होंगे।













